वारदात | बंग्ला लाइन में दो पक्षों में हुए विवाद के बाद फेंका गया बम

# बमबाजी से फैलाई दहशत, सात घायल



**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाना अंतगत बंगला लाइन क्षेत्र में पुरानी रंजिश के कारण दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान ही एक पक्ष ने देसी बम फेंक कर हमला कर दिया। देशी बम के फटने से पांच नाबालिगों सहित सात लोग घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 10 से 12 लोग अचानक एक घर पर पहुंचे और देसी बम फेंकना शुरू कर दिया। धमाके इतने तेज थे कि आसपास के घरों की खिड़कियां तक हिल गईं। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच दो दिन पहले भी विवाद हुआ था, जिसके बाद बदला लेने के लिए यह हमला किया गया। हमले में नितेश प्रियांशु, अमन, कविता, देव, रोहिणी, और प्रीत घायल हो गए हैं। डॉक्टरों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला पुरानी रंजिश का लग रहा है। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बम के हमले से क्षेत्र में दहशत का महौल बन गया था।

## फाग गाते समय कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**नवभारत, कटनी।** जिले के बरही थाना अंतर्गत ग्राम छिंदहाई पिपरिया में बुधवार को फाग महोत्सव के दौरान एक हादसा हो गया। फाग गीत गाते समय 60 साल के एक बुजुर्ग का संतुलन बिगड़ने से वे पास के कुएं में गिर गए। इस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम छिंदहाई पिपरिया में फाग होली के पारंपरिक गीत का आयोजन चल रहा था। ग्रामीण ढोल-मजीरों के साथ फाग गायन कर रहे थे। मृतक जनार्दन (60 साल), पिता दशरथ कोल, भी इस समूह का हिस्सा थे। चश्मदीदों और परिजनों ने बताया कि फाग गाते समय जनार्दन का पैर फिसल गया या संतुलन बिगड़ने के कारण वे पास के कुएं में गिर गए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने जनार्दन को कुएं से बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, सड़क पर फैले सिलेंडर

बिलहरी चौकी क्षेत्र के घुघरा गांव के पास हुआ हादसा

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाने की बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत घुघरा गांव के पास घरेलू गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में रखे सिलेंडर रोड पर फैल गए। राहत की बात यह थी कि सिलेंडर फटा नहीं और न ही गैस लीक हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही सड़क पर गैस सिलेंडरों का ढेर लग गया, जिससे राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ट्रक चालक को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही बिलहरी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया कि प्राथमिक जांच में हादसे का कारण चालक की लापरवाही प्रतीत हो रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या होली के नशे में धुत होने के कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। इसकी आधिकारिक पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। पुलिस बल ने मौके पर सुरक्षा घेरा बनाकर बिखरे हुए सिलेंडरों को सावधानीपूर्वक हटाया और गैस एजेंसी को सूचित कर दूसरे वाहन से उन्हें सुरक्षित स्थान पर भिजवाया। करीब एक घंटे बाद रोड पर आवागमन सामान्य हो पाया।

## दो पक्षों में विवाद, कुल्हाड़ी से किया हमला

बरही थाना क्षेत्र के बुजबुजा गांव में पुरानी रंजिश पर विवाद



**नवभारत, कटनी।** जिले के बरही थाना क्षेत्र के बुजबुजा गांव में होली के जश्न के दौरान खूनी संघर्ष हो गया। आपसी विवाद के चलते 21 साल के पुष्पेंद्र चौधरी पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। उसके सिर पर गहरी चोट आई है और काफी खून बह जाने की वजह से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर लहरी, रविशंकर, हरी और महेंद्र चौधरी ने पहले पुष्पेंद्र के साथ मारपीट की और फिर उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। हमले में पुष्पेंद्र के सिर पर गहरी चोट आई है और काफी खून बह जाने की वजह से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जब पुष्पेंद्र पर हमला हो रहा था, तो उसे बचाने के लिए उसकी मां भूरी बाई और बहन वर्षा दौड़कर पहुंचीं। हमलावरों ने उन दोनों को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वे घायल हो गईं। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और सभी घायलों को तत्काल बरही अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद से पूरे गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस पर लापरवाही का आरोप पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद जब वे थाने पहुंचे, तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और कार्रवाई में देरी की। हालांकि पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी रंजिश पर पति-पत्नी ने की थी हत्या, पुलिस ने दोनों को पकड़ा

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में हुई थी वारदात



**नवभारत, कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम धनवाही कौड़िया में होली के दिन एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि धनवाही कौड़िया निवासी 52 वर्षीय किशोरी बेन की लाठी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में पुलिस ने धनवासी गांव निवासी लल्लू बेन और रैना बेन को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण लाठी से हमला किया गया था। लाठी के हमले से किशोरीलाल बेन की मौत हो गई। पुलिस ने दोनो ने धनवाही गांव निवासी आरोपी लल्लू उर्फ मुकेश बेन पिता भागचंद बेन और रैना बाई पति मुकेश बेन को गिरफ्तार कर लिया है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन में की गई है। कार्रवाई स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश समन, एसआई अनिल यादव, एएसआई मथुरा प्रसाद, मानकी धुर्वे, प्रधान आरक्षक तेजप्रकाश सिंह, शेख यूसुफ, लखन पटेल, आरक्षक मनीष पटेल, रोहित पाटकर, अभिषेक राजावत, दीपक यादव, सौरभ पटेल, महिला आरक्षक नेहा भट्ट, साइबर सेल के आरक्षक अजय साकेत, सत्येंद्र सिंह की भूमिका रही।

## होली पर अलर्ट रही पुलिस

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान में होली हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। होली पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में उमरियापान पुलिस प्रशासन की सराहनीय भूमिका रही। होली पर्व के मद्देनजर स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी द्वारा पहले से ही पुलिस अमले को एलर्ट रहने के निर्देश दिए गए थे। उमरियापान थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल अपनी टीम के साथ पूरे समय अलर्ट मोड में नजर आए। पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त की गई, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा। पुलिस की सक्रियता के चलते लोगों ने बेखौफ होकर होली का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया।

## मोटर साइकिल से गांजा लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार, 20 हजार रूपए का गांजा जब्त

बरही पुलिस ने की एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्रवाई



**नवभारत, कटनी।** बरही थाना अंतर्गत मैहर रोड से पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने दो किलो गांजा जब्त किया है। जब्त किए गांजे की कीमत करीब 20 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बताया कि 5 मार्च की दरमियानी रात करीब 2 से 3 बजे के बीच पुलिस को मुखबिरों से पुख्ता सूचना मिली थी। मैहर रोड की ओर से एक युवक मोटरसाइकिल पर अवैध गांजे की खेप लेकर निकलने वाला था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल गुरुकुल स्कूल के पास मैहर रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान मैहर रोड की ओर से आ रही काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल को रोका गया। मोटर साइकिल सवार की तलाशी के दौरान उसके पास से दो किलो गांजा मिला। गांजे की कीमत करीब 20 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा रखने के आरोप में बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया युवक बरही थाना क्षेत्र के उबरा गांव निवासी 23 वर्षीय रवि कुमार उर्फ गुप्त राज प्रजापति है। पुलिस ने गांजा तस्करी में उपयोग की जा रही मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई बरही थाना प्रभारी अरविंद चौबे, एसआई विनोद कांत सिंह, सहायक उपनिरीक्षक रामसखा वर्मा, प्रधान आरक्षक उदयपाल सिंह, सतीश हल्दकार, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव, विवेक यादव की भूमिका रही।

## सामाजिक समरसता और प्रेम का प्रतीक है होली



भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा परिवार के सदस्यों का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। और आपसी सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक संदीप जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी, भंवर सिंह चौहान, मंडलों के अध्यक्ष, सहित जिला पदाधिकारी भाजयुमो महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व होली की शुभकामनाएं दीं। संचालन अभिषेक ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर भाजपा जनों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां भी दीं। जबकि बाहर से आये कलाकरों ने राधा कृष्ण की झांकी के साथ अपनी नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। नृत्य पर सभी कार्यकर्ता विशेष तौर पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता झूम उठीं। इस दौरान अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अहंकार पर भक्ति की विजय के पावन प्रतीक होलिका दहन का आयोजन भी किया गया कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष ने होलिका दहन की रस्म निभाई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें समाज में सकारात्मकता, भाईचारा और सद्भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संगठन में आत्मीयता और एकजुटता को मजबूत करते हैं।

## मामूली बात पर पारधी समुदाय के दर्जन भर युवकों ने किया चाकू से हमला

रीठी के देवगांव में हुई हिंसक वारदात स फैली दहशत



**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी थाना अंतर्गत देवगांव क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक युवक पर लगभग 15 लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गांव में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार गांव में होली पर्व को लेकर सामान्य गतिविधियां चल रही थीं। इसी दौरान किसी मामूली बात पर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि पारधी समुदाय के लगभग 15 लोग एकजुट होकर युवक पर टूट पड़े। हमलावरों ने युवक पर चाकू सहित अन्य धारदार हथियारों से वार किए। हमले में घायल युवक को गंभीर चोटें आई हैं। उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुख्य आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाएगी पुलिस

**नवभारत, कटनी।** टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान कटनी शहर में करोड़ों का सट्टा खिलवाने के आरोप में मुख्य आरोपी मनीष असरानी को छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर जिले की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद अब कटनी पुलिस आरोपी को कस्टडी में लेने के लिए प्रोडक्शन वारंट पर कटनी लाने की तैयारी कर रही है। इस मामले में योगेश बजाज, तरुण मोटवानी और अवधेश गुप्ता को पकड़ा था। जिसके बाद मुख्य आरोपी की जानकारी मिली थी।

त्यौहार | कलेक्टर निवास में बच्चों आमंत्रित कर अधिकारियों द्वारा खेली गई होली, जमकर झूमे बच्चे, लिया व्यंजनों का जायका

# कलेक्टर ने आसरा बाल गृह के बच्चों के साथ खेली होली, लगाया रंग और गुलाल



**नवभारत, कटनी।** रंगों के पर्व होली पर कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी बच्चों के साथ बच्चे बने नजर आए। उन्होंने आसरा बाल गृह के बच्चों की नटखट टोली के साथ कलेक्टर निवास में रंग और गुलाल की जमकर होली खेली और बच्चों की खुशियों में शामिल हुए। बच्चों ने यहां गुझिया, जलेबी, खस्ता, कचौड़ी, आलू टिकिया -मटर चाट, पानी पूरी, आइसक्रीम सहित भांति-भांति के लजीज व्यंजनों और मिठाईयों का ज़ायका लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया, विजयराघवगढ़ एसडीएम विवेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, तहसीलदार अजीत तिवारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने निज निवास पर आयोजित होली कार्यक्रम में बाल गृह के बच्चों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया। जहां कलेक्टर ने बच्चों के साथ करीब तीन घंटे तक जमकर होली खेली। बच्चों की खुशियों में शामिल कलेक्टर को बच्चों ने रंग और गुलाल से सराबोर कर दिया। कलेक्टर के साथ नटखट अंदाज में होली खेल रहे बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी।

कलेक्टर ने भी बच्चों के साथ बच्चा बन खेली रंगों की होली। कलेक्टर के साथ होली खेलकर बच्चे बेहद खुश हुए। बच्चों की इसी खुशी ने रंगोत्सव के उल्लास और उत्साह को दोगुना कर दिया। कलेक्टर के साथ-साथ जिले के मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ होली खेली। बच्चों के साथ बच्चा बनकर होली का आनंद उठाते अधिकारियों की खुशी भी देखते ही बनती थी।

होली खेलने के साथ -साथ बच्चों ने होली के पारंपरिक व्यंजनों सहित चटपटे स्वाद का आनंद उठाया। इस दौरान आसरा बाल गृह के संचालक सहित कलेक्ट्रेट और अन्य विभागीय अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।




